




# हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल-फितर का त्यौहार

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह फज़र की नमाज के साथ ही ईद की तैयारियां शुरू कर दी थी। सुबह लगभग 9 बजे हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन पाटी रोड़ स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा की गई।





ईदगाह पर सबसे पहले नमाज की तरकीब मौलाना हाजिरुद्दीन साहब ने बताई। हाफिज इमरान साबरी साहब ने नमाज अदा कराई। इसके बाद हाफिज कलीम रजा साहब ने खुतबे का वाचन किया। नमाज के बाद जामा मस्जिद के इमाम अब्दुल जब्बार नूरी साहब ने मुल्क में अमन, शांति, सांप्रदायिक सौहार्द, देश की तरक्की एवं मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए विशेष दुआ की। सुबह से ही पूरे शहर में ईद की रौनक देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोग नए वस्त्र पहनकर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए।

इस दौरान एसडीओपी दिनेश चौहान एवं थाना प्रभारी बलदेव बीसेन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। ईदगाह स्थल पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मुस्लिम समाजजनों को ईद की शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय विधायक राजन मंडलोई ने अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर सभी को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर कमरूज्जमा शेख, अरशद खान पुलिस पीआरओ, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अब्दुल अजीज मंसूरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

ईद की नमाज के बाद ईदगाह क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द का एक सुंदर दृश्य देखने को मिला, जब गणगौर पर्व के अवसर पर निकली हिंदू समाज की शोभायात्रा का मुस्लिम समाजजनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए सदैव से प्रसिद्ध रहा है, जहां सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे के त्यौहार मनाते हैं।

### मुबारकबाद दी

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रही। शहर का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बना रहा, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की खुशियां सांझा की। वहीं मुस्लिम समाज के पूर्व जिला सदर डॉ अब्दुल रशीद पटेल द्वारा समाजजनों को ईद की मुबारकबाद पेश कर उपहार दिए गए।



# ईद की विशेष नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

**निवाली ( नवभारत )।** नगर में ईद-उल-फितर पारंपरिक सादगी और उत्साह से मनाइ गई। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से ईदगाह पर ईद की नमाज अदा कर नगर में भाईचारे और खुशहाली की कामना की।

सुबह 8 बजे हाजी कॉलोनी मस्जिद से समाज के लोग ईदगाह के लिए निकले, ईदगाह पर 9 बजे ईद की नमाज अदा की। आलीम असलम ने नमाज पूरी कराई और शांति और प्रेम का संदेश दिया। नगर में अमन-शांति और तरक्की की दुआ मांगी। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारक कहा। सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में थाना प्रभारी आरके लोवंशी टीम के साथ उपस्थित थे। साथ ही नगर परिषद की टीम का विशेष सहयोग रहा।

# माताजी के जयकारों के साथ पूजन के लिए खोली बाड़ी

▸ चैत्र नवरात्र के साथ ही निमाड़ अंचलों में माता जी का पुजन शुरू।





**पानसेमल, ( नवभारत )।** चैत्र नवरात्र के साथ ही निमाड़ अंचलों सहित अन्य स्थानों पर गणगौर माताजी की स्थापना एवं पुजन शुरू हो जाता है। महिलाओं द्वारा घरों की साफ-सफाई एवं आवश्यक तैयारियां की जाती हैं। शनिवार तीज तिथि पर नगर के श्रीराम मंदिर में गणगौर पर्व पर माताजी की बाड़ी सुबह दर्शन एवं पुजन के लिए खोली गई। भीकनगांव के पुजारी हेमंत तारे और उनकी माताजी द्वारा बाड़ी का पूजन किया जा रहा है।

पानसेमल और खेतिया सहित जिले के विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने सहपरिवार कुशल कामना के साथ पूजा-अर्चना की। चैत्र नवरात्र में परिवारों द्वारा विधि-विधान से माताजी की स्थापना कर पुजन किया जाता है। श्रीराम मंदिर पर महिलाओं द्वारा भक्ति भाव और उल्लास के साथ गणगौर गीत एवं झालरिए गाए जा रहे हैं। निमाड़ी समाज गणगौर उत्सव समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 8 से 10 परिवारों में माताजी के रथ बनाए गए हैं।

तीज तिथि पर बाड़ी खुलने के बाद रथों को मंदिर परिसर में लाया जाता है। जहां माताजी के दर्शन कर उन्हें ढोल-बाजे के साथ घर पर लाया जाता है। रविवार को श्यामलाल उपाध्याय के परिवार में माताजी के रथ विश्राम करेंगे, जिसके बाद माताजी का विसर्जन गणगौर घाट पर किया जाता है। उत्सव के दौरान पुलिस थाना प्रभारी मंशाराम वगेन एवं नगर परिषद अधिकारी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहता है।

### ईद पर्व मनाया

वहीं दूसरी ओर ईद के पर्व पर मुस्लिम समाजजनों ने ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। बच्चों एवं युवाओं ने वरिष्ठजनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर और आसपास क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का त्यौहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। ईदगाहों पर विशेष नमाज अदा कर अमन-शांति की दुआ मांगी। पुलिस प्रशासन सतर्क रहा, समाजजनों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाया।



सुबह से ही ईदगाहों पर मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए सुबह 9 बजे तक विशेष नमाज अदा करा दी गई। आलिमों ने देश, प्रदेश और शहर में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और पारंपरिक सौहार्द का परिचय दिया।

बलवाड़ी ईदगाह में सुबह 8 बजे जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज सोहलत रजा ने नमाज अदा कराई। धनोरा ईदगाह पर भी सुबह 9 बजे विशेष नमाज हुई। सभी स्थानों पर समाजजनों ने अमन-शांति, अच्छी बारिश और क्षेत्र की तरक्की के लिए कामना की।

इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। एसडीओपी अजय वाघमारे और थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। ईदगाहों के बाहर और प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत चाचरिया चौकी का पुलिस बल और डायल 100 भी सक्रिय रहा।

# ओलावृष्टि से नुकसान का विधायक ने लिया जायजा



**पानसेमल।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मलफा, टेमला, भातकी, मोरतलाई एवं मलगांव में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित मक्का एवं केले की फसलों का विधायक श्याम बर्डे, तहसीलदार सुनील सिसोदिया राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। किसानों से संवाद कर फसलों को हुए नुकसान का आंकलन किया। कई स्थानों पर फसलें आंशिक एवं पूर्ण रूप से नष्ट हुई हैं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। विधायक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि त्वरित गति से सर्वे कार्य पूर्ण कर वास्तविक नुकसान का सही आंकलन किया जाए तथा प्रभावित किसानों को शीघ्र, पारदर्शी एवं नियमानुसार मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। कोई भी पात्र किसान सहायता से वंचित न रहे। किसानों की समस्या हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कठिन समय में हम सभी प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहायता दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, नंदकिशोर चौपड़ा, प्रकाश जोशी, उमेश पाटिल, बालकृष्ण पाटिल, मलफा सरपंच गंगाराम खेड़कर, संतोष छबूलाल पवार, छगन खेड़कर, रतीला पोहल्या, उखाजी उमराव, नितिन येवले सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## आईटीसी चौपाल सागर में तीन दिनी चौपाल महोत्सव शुरू



**महू.** आईटीसी चौपाल सागर पलासिया में तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव का शुभारंभ हुआ. महोत्सव में तीन दिनों में प्रमुख रूप से किसान संगोष्ठी, महिला आत्मरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, किसान कृषि विशेषज्ञ संवाद, उत्कृष्ट किसान पुरस्कार, युवाओं के लिए कॅरियर परामर्श किया जाएगा. यह जानकारी संचालक जुगनू जादवसिंह धनावत ने दी. उन्होंने बताया कि शुभारंभ अवसर पर मुख्य रूप से विधायक उषा ठाकुर, कृषि विभाग की एसडीओ मैडम, कृषि उपज मंडी सचिव मंजू मैडम, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, संचालक जुगनू जादवसिंह धनावत, राधेश्याम सेठ, एरिया मैनेजर नरेंद्र शर्मा, प्रभारी राजेंद्रसिंह वर्मा, मिस्बाह खान, पूनम अग्रवाल, ज्ञानेश श्रुति, राकेश शर्मा, मोहम्मद अरशद, आरती शर्मा, केदार मुकाती, प्रकाश अग्रवाल, रोहित वर्मा, नीरज साहू, रूपाली शुक्ला, विष्णु पाटीदार, बाबूजी, प्रकाश चौधरी, रवि पटेल, धर्मेंद्र सिंघारे, भगवान चौधरी, विवेक मिश्रा और महिंद्रा कंपनी, कृषि दवा कंपनी, जेके टायर और ट्रैक्टर डीलर के प्रतिनिधि मौजूद रहे. इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और बच्चे भी उपस्थित थे.

## बाइक टकराने की बात पर दो युवकों ने की मारपीट

**इंदौर.** राहुल गांधी नगर क्षेत्र में बाइक ठेले से टकराने की मामूली बात पर विवाद बढ़ गया, जहां दो युवकों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर दी. आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट करने के साथ कड़े से वार कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि घटना भोलेनाथ मंदिर के पास की है. फरियादी अपने वाहन से वहां पहुंचा था, तभी उसकी मोटरसाइकिल मोहल्ले में रहने वाले सागर अंजले और शिवा अंजले के ठेले से टकरा गई. इसी बात को लेकर दोनों आरोपी गाली-गलौज करने लगे. फरियादी द्वारा विरोध करने पर सागर और शिवा अंजले ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान सागर अंजले ने अपने हाथ में पहने कड़े से फरियादी के सिर, कान और बाएं हाथ पर वार किया, जिससे उसे चोट आई और खून निकलने लगा. घटना के दौरान फरियादी के पिता जगदीश सावले ने बीच-बचाव कर उसे आरोपियों से छुड़ाया. घटना को आसपास मौजूद लोगों ने भी देखा. मारपीट के बाद दोनों आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए कि दोबारा उलझने पर जान से खत्म कर देंगे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## महिला के घर पर तोड़फोड़, मारपीट कर हुए फरार

**इंदौर.** देपालपुर क्षेत्र में मकान विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. आरोप है कि आरोपी महिला ने फरियादिया के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया. देपालपुर थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल ने बताया कि दोपहर करीब 3.30 बजे अरिहंत कॉलोनी देपालपुर की है. फरियादिया पूजा परमार उम्र 33 के घर के सामने आरोपी मनुबाई परमार ने मकान विवाद की बात को लेकर विवाद शुरू किया. आरोप है कि मनुबाई ने गुस्से में आकर घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर नुकसान पहुंचाया और गालियां देने लगी. विरोध करने पर आरोपी ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की, जिससे फरियादिया के बाएं हाथ में चोट आई.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास

▸ तीन साल चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला

**इंदौर. शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में जिला न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. करीब तीन साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया.**

मामले में 31 वर्षीय आरोपी लखन सिंह यादव निवासी नागदा, उज्जैन बताया गया है. पीड़िता पेशे से नर्स है और इंदौर में किराए के मकान में रहती थी. वर्ष 2021 में दोनों की पहचान एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के जरिए हुई थी. इसके बाद आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं. शासन की ओर से पैरवी कर रहे एजीपी जयंत दुबे ने बताया कि 14 फरवरी 2022 को आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद भी वह शादी का आश्वासन देकर लगातार संबंध बनाता रहा. बाद में आरोपी ने दूरी बनाना शुरू कर दिया और मोबाइल बंद रखने लगा. संदेह होने पर पीड़िता जब उसके उज्जैन स्थित घर पहुंची तो पता चला कि वह किसी अन्य युवती से विवाह कर चुका है.

विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी. इसके बाद पीड़िता ने 25 मई 2023 को इंदौर में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया, सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया और दुष्कर्म में 10 वर्ष, जबकि अन्य धाराओं में 5 वर्ष और 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई.

# अक्षय शर्मा हत्याकांड : फरार 3 आरोपी जबलपुर में धराए



▸ 2-2 हजार के इनामी तीनों आरोपियों को इंदौर पुलिस को सौंपा

**इंदौर. बहुचर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड में फरार चल रहे तीन आरोपियों को जबलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपियों को इंदौर पुलिस के हवाले कर दिया गया है. गिरफ्तार आरोपियों पर 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित था.**

एसीपी रूबिना मिजवानी ने बताया कि आरोपी शशिकांत शर्मा, रवि शर्मा और गौरव शर्मा वारदात के बाद इंदौर से फरार होकर जबलपुर में अलग-अलग स्थानों पर छिपे हुए थे. पुलिस को सूचना मिली थी कि शशिकांत अपनी रिश्तेदार, स्वयं को भाजपा नेत्री बताने वाली शिखा शर्मा के राइट टाउन स्थित घर में छिपा है. इस पर जबलपुर कोतवाली सीएसपी रितेश कुमार शिव के नेतृत्व में लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य की टीम ने दबिश देकर उसे आदि एन्क्लेव से गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही पर रवि और गौरव को पास के एक अन्य मकान से पकड़ा गया. तीनों को इंदौर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है. मामले में इंदौर पुलिस पहले ही तीन आरोपियों विनोद, राहुल और रिंकू को गिरफ्तार कर चुकी है. वहीं सत्यम और एक अन्य आरोपी रवि अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है.

### यह है मामला...

घटना 17 जनवरी 2026 की है. पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया था. आरोप है कि आठ लोगों ने मिलकर अक्षय शर्मा का अपहरण किया. उसे जबरन कार में बैठाकर इंदौर से करीब 100 किलोमीटर दूर शाजापुर ले गए थे. यहां एक फार्म हाउस पर आरोपियों ने उसके साथ अमानवीय बर्ताव करते हुए बेरहमी से मारपीट की. उसे निर्वस्त्र कर गर्म लोहे की रॉड से दागा गया और शरीर के संवेदनशील हिस्सों को भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया था. गंभीर हालत में 18 जनवरी को आरोपी उसे बाणगंगा थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए थे. पुलिस ने उसे तत्काल एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान 22 जनवरी को उसकी मौत हो गई थी. जांच में सामने आया कि मृतक का अपने चाचा गोविंद व अन्य परिजनों से पुश्तैनी जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था. इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया. साथ ही, परिवार की एक युवती से दुष्कर्म के आरोप में दर्ज एफआईआर को भी विवाद की एक बड़ी वजह माना जा रहा है. मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था. मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन पांच आरोपी फरार हो गए थे. इनमें से तीन को अब जबलपुर से पकड़ा गया है. दो अभी भी फरार हैं।

# शादी का झांसा देकर रेप, धमकी और ब्लैकमेल के दो मामले दर्ज

▸ एक का होटलों में किया शोषण, वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी

▸ दूसरे मामले में व्हॉट्सएप कॉल से डराता रहा आरोपी

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर में दो महिलाओं को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और बाद में धमकी व ब्लैकमेल करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. एक प्रकरण में आरोपी ने प्रेम संबंध के दौरान कई बार शारीरिक शोषण किया, जबकि दूसरे मामले में भरोसे का फायदा उठाकर महिला से दुष्कर्म कर उसे लगातार धमकाया जा रहा था. दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहला मामला हीरानगर थाना क्षेत्र का है, थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि 21 वर्षीय एक टेलीकॉलर युवती ने अमन टिकलिया निवासी कंडिलपुरा पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. युवती ने पुलिस को बताया कि चार साल पहले एक शादी समारोह में दोनों की मुलाकात हुई थी, जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए बातचीत शुरू हुई और दोस्ती हो गई. दोस्ती प्रेम में बदल गई. युवती के अनुसार, आरोपी अगस्त 2024 में उसे एक होटल में ले गया, जहां पहली बार संबंध बनाए. इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर कई बार दुष्कर्म किया. दोनों ने अपनी शादी की बात परिवारों तक भी पहुंचाई, लेकिन दिसंबर 2025 में आरोपी मुकर गया. विरोध करने पर उसने युवती को फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### डरा-धमकाकर पति का परिचित करता रहा दुष्कर्म

इसी तरह का दूसरा मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 35 वर्षीय महिला ने अपने पति के परिचित विकास राय के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी का केस दर्ज कराया है. महिला ने पुलिस को बताया कि वह पति के साथ मजदूरी के लिए इंदौर आई थी और आरोपी ने रहने की व्यवस्था कराई थी. इसी दौरान अकेलेपन का फायदा उठाकर आरोपी ने जबरदस्ती की और बाद में धमकियां देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा. डर के कारण दंपति गांव लौट गए, लेकिन आरोपी ने व्हॉट्सएप कॉल के जरिए पीछा नहीं छोड़ा और लगातार बदनाम करने की धमकी देता रहा. हाल ही में इंदौर लौटने पर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. दोनों मामलों में पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश और जांच शुरू कर दी है.

# कर्ज से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र के रामानंद नगर में कर्ज से परेशान एक 43 वर्षीय वाहन मालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के समय घर में बच्चे मौजूद थे, जबकि पत्नी बाहर गई हुई थी. थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि दुलीचंद राठौर ने वाहन खरीदने के लिए लोन लिया था, लेकिन कई महीनों से किस्त नहीं भर पाने के कारण वह तनाव में थे. बैंक की ओर से लगातार दबाव बनाए जाने की बात सामने आई है. शाम को दुलीचंद घर के पीछे कमरे में गए और बाहर नहीं निकले. शक होने पर बेटी ने दरवाजे के छेद से देखा तो पिता फंदे पर लटके मिले. सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. शव का पोस्टमॉर्टम कराकर पुलिस मामले की जांच कर रही है और फाइनेंस कंपनी से जुड़े पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है.

